आज दिनांक 19-01-2018 को अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ के संभाग तृतीय के सभागार में कैंपस प्लेसमेंट के अंतर्गत पालिसी बाजार के श्री एस० के० गुप्ता द्वारा साक्षात्कार का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी की सत्प्रेरणा से प्लेसमेंट सेल की संयोजिका डॉ० शिल्पा गोयल ने यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य हेतु आयोजित किया। जिसमें बी० बी० ए०, बी० कॉम, बी० कैम के सभी संभागों के लगभग 200 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। डॉ० रेखा सैन (संयोजिका संभाग प्रथम), डॉ० शोभना गोयल (संयोजिका संभाग द्वितीय) व अन्य प्रवक्ताओं (डॉली, ललिता, वंदना, अनिता, वंदना) के सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें विद्यार्थियों के साक्षात्कार दो चरणों में हुए जिसमें पहले चरण में समूह वार्ता हुई और उसमें से चयनित विद्यार्थियों का निजी साक्षात्कार श्री एस० के० गुप्ता जी ने लिया। इस साक्षात्कार में चयनित विद्यार्थियों को 2.25 लाख से 3 लाख तक प्रति वर्ष पैकेज दिया जाएगा। खबर लिखे जाने तक चयन प्रक्रिया चालू थी।